# कार्यालय प्राचार्य,
## स्व. रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय,मोपका–निपनिया
## जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा पिन–493118 (छ.ग)

College Code-1253 website: www.gcmopka.in Email-govtnaveencollegemopka@gmail.com


क्रमांक /210/अतिथि व्या./2025–26

मोपका,दिनांक : 29/07/2025

**//अतिथि व्याख्याता हेतु विज्ञापन//**

सत्र 2025–26 में छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के आदेश कमांक ESTB-1027/1216/2025/38-1 दिनांक 23/07/2025 एवं आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय के पत्र कमांक 289/01/आउशि/राज.स्था./2025 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 23/07/2025 द्वारा पारित अतिथि व्याख्याता नीति–2024 में निर्धारित मापदण्डो के अनुसार महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक के रिक्त पद के विरुद्ध अतिथि व्याख्याता को आमंत्रित किये जाने हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

अध्यापन के इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन दिनांक 10/08/2025 सायं 5 बजे तक महाविद्यालय में स्वयं उपस्थित होकर या पंजीकृत डाक के माध्यम से जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र. | विषय | पद विरूद्ध | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | गणित | सहा.प्राध्यापक | 01 |
| 2 | भौतिकशास्त्र | सहा.प्राध्यापक | 01 |
| 3 | प्राणीशास्त्र | सहा.प्राध्यापक | 01 |

**सामान्य शर्तें :–**

1. इस प्रयोजन हेतु कार्यरत अतिथि व्याख्याताओं की सेवाएं भविष्य में नियमितिकरण का आधार नहीं बनेगा।
2. उक्त सेवा की सेवा अवधि सत्र 2025–26 के लिए मान्य होगी।
3. उक्त पदों पर नियुक्ति शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के आधार पर होगी।
4. अतिथि व्याख्याता को चयनित होने के पश्चात कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व एक शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें कोई आपराधिक प्रकरण दर्ज न होना तथा किसी अन्य संस्था/महाविद्यालय में अध्यापन न करने का वचन देना होगा।
5. अतिथि व्याख्याता नियुक्त होने पर मानदेय शासन के नियमानुसार भुगतान किया जायेगा।
6. आवेदन पत्र समस्त प्रमाण–पत्रों सहित पंजीकृत डाक या स्वयं उपस्थित होकर कार्यालयीन समय पर दिनांक 10/08/2025 शाम 5 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। बाद में प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।
7. चयन होने पर नियुक्ति के समय आवेदकों को समस्त प्रमाण–पत्रों की सत्य प्रतिलिपि तथा मूल प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।
8. चयनित पद पर शासन द्वारा नियमित नियुक्ति होने पर अथवा किसी अन्य शिक्षक के स्थानांतरण पर आने पर यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जायेगी।

A. Saini

(डॉ. अभिलाषा सैनी)
प्राचार्य
प्राचार्य
स्व. रामनाथ वर्मा शासकीय
महाविद्यालय मोपका – निपनिया
जि. बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)

पृ. क्रमांक /211/अतिथि व्या./2025–26

मोपका,दिनांक : 29/07/2025

प्रतिलिपिः–

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)।
2. क्षेत्रीय अपर संचालक, उच्च शिक्षा, शास. विज्ञान महाविद्यालय परिसर, रायपुर (छ.ग.)।
3. समस्त संवाददाता– दैनिक भास्कर, हरिभूमि, नई दुनिया, पत्रिका, नवभारत, देशबंधु, अमृत संदेश भाटापारा इस निवेदन के साथ कृपया लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में समाचार के रूप प्रकाशित करने का कष्ट करें।

A. Saini

(डॉ. अभिलाषा सैनी)
प्राचार्य
स्व. रामनाथ वर्मा शासकीय
महाविद्यालय मोपका – निपनिया
जि. बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)